ये नज़र महाकाल की

तारने वाले हो कयामत की नजर रखते हो,
उज्जैन में बैठ कर जमाने की खबर रखते हो......

मुझको उठा के राह से दर पर बुला लिया,
पत्थर था मैं तो राह का हीरा बना दिया,
जिस दिन से मिला है मुझे इस दर का उतारा,
पहुँचा बुलंदियों पे था तकदीर का मारा,
ये नजर महाँकाल की......

थामा है महाँकाल के दामन को उम्र भर,
रखते है महाँकाल दीवानों की सब खबर,
वो भक्त जिंदगी में कभी हारते नही,
जिन भक्त पर पड़ी है महाँकाल की नजर,
ये नजर महाँकाल की......

मुश्किल का वक्त एक इशारे में टल गया,
जब नाम महाँकाल जुबाँ से निकल गया,
जादुई है बड़ी ये नजर महाँकाल की,
कृपा हुई नजर की जमाना बदल गया,
ये नजर महाँकाल की.......

तूफान की लहरों को किनारा बना दिया,
तिनके को डूबते का सहारा बना दिया,
क्या काम कर गई ये महाँकाल की नजरें,
पत्थर को चमकता हुआ सितारा बना दिया.....

उज्जैन के महाँकाल की होती है जब नजर,
बाबा के दर को छोड़के जाऊंगा मै किधर,
मैंने हजारो देवो की नजरों को देखा है,
सबसे अलग नजर है महाँकाल की नजर,
ये नजर महाँकाल की......

सारे जमाने वालो ने ठुकरा दिया मुझे,
एहसान महाँकाल का क्या क्या दिया मुझे,
चौखट है निराली बड़ी उज्जैन धाम है,
संसार के है राजा महाँकाल नाम है,
ये नजर महाँकाल की ये नजर महाँकाल की....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29203/title/ye-nazar-mahakal-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |